विद्यालय की समझ व कक्षा का प्रबन्धन — 1

प्रत्येक प्रश्न संख्या के अन्तर्गत दिए गए विकल्पों में से आपने जिस प्रश्न को उत्तर देने के लिए चुना है, उसके आगे बने बॉक्स पर निशान (✓) अवश्य लगाएँ अन्यथा आपका उत्तर अमान्य हो सकता है ।

लघु-उत्तर वाले प्रश्न (लगभग 100 शब्दों में उत्तर दें) ।

प्रत्येक प्रश्न के लिए अधिकतम अंक 5 है ।

1. पाठ्यसहगामी क्रियाओं से क्या तात्पर्य है ? ये क्यों महत्त्वपूर्ण हैं ? उदाहरण देकर समझाएँ । ☐

अथवा

पाठ योजना के पारम्परिक स्वरूप की क्या सीमाएँ हैं ? सोदाहरण समझाएँ । ☐

S2·1

2. आकलन व मूल्यांकन की प्रक्रिया से एक शिक्षक को अपने शिक्षण में क्या मदद मिल सकती है ? सोदाहरण समझाएँ । ☐

अथवा

कसौटी आधारित मूल्यांकन और मानक आधारित मूल्यांकन में अन्तर स्पष्ट करें । ☐

S2·1

3. शिक्षक-डायरी को लिखने से एक शिक्षक को क्या लाभ होगा ? किन्हीं तीन लाभों की चर्चा करें । ☐

अथवा

विद्यालय के रिकॉर्डों के रख-रखाव में क्या-क्या समस्याएँ आती हैं ? उनके समाधान के लिए क्या किया जाना चाहिए ? ☐

S2·1

4. क्या विद्यालयों के लिए एक समान मानक होने चाहिए ? क्यों या क्यों नहीं ? ☐

अथवा

अभिभावक-शिक्षक संघ के कार्यों में किस प्रकार के बदलाव लाने की आवश्यकता है ताकि उससे विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके । ☐

S2·1

5. विद्यालय स्वयं में एक संगठन है और साथ में किसी वृहत संगठन का भाग भी । कैसे ? स्पष्ट करें । ☐

अथवा

आप अपने विद्यालय के भौतिक संसाधनों का अधिकतम उपयोग कैसे कर सकते / सकती हैं ? कुछ उदाहरणों की मदद से समझाएँ । ☐

S2·1

6. कक्षाकक्ष की व्यापक और नवाचारी अवधारणा क्या है ? उदाहरण सहित बताएँ ।

अथवा

कक्षाकक्ष की संकुचित और परम्परागत अवधारणा क्या है ? इससे क्या नुकसान है ?

S2·1

7. अनुपूरक शिक्षण से सभी बच्चों की शिक्षा पर व्यक्तिगत ध्यान दिया जा सकता है । कैसे ? स्पष्ट करें ।

अथवा

कक्षा में बच्चों की भागीदारी को बढ़ाने के लिए आप क्या करेंगे ? कुछ उदहारण दें ।

S2·1

8. विद्यार्थी के प्रगति रिपोर्ट में क्या-क्या होना चाहिए और क्यों होना चाहिए ? संक्षेप में बताएँ ।

अथवा

विद्यालय और समुदाय के मध्य के संबंधों को किस प्रकार से मजबूत किया जा सकता है ? न्यूनतम पाँच सुझाव बताएँ ।

S2·1

दीर्घ-उत्तर वाले प्रश्न (न्यूनतम 350 शब्दों में उत्तर दें) ।

प्रत्येक प्रश्न के लिए अधिकतम अंक 10 है ।

9. विद्यालय संगठन के विकास में क्या-क्या चुनौतियाँ आ सकती हैं और उनके निवारण के लिए क्या करना चाहिए ? विद्यालय संगठन के विभिन्न पहलुओं के संदर्भ में चर्चा करें ।

अथवा

विद्यालय निर्माण योजना के विभिन्न आयामों की चर्चा विस्तार से करें । साथ ही, उन आयामों से जुड़ी प्रमुख चुनौतियों तथा उनके समाधान का भी उल्लेख करें ।

S2·1

10. विद्यालय के विभिन्न रिकॉर्ड एक शिक्षक/शिक्षिका को अपने विद्यार्थियों को समझने में किस प्रकार से मदद कर सकते हैं ? विभिन्न रिकॉर्डों का उल्लेख करते हुए, उदाहरणों की मदद से उनकी उपयोगिता को समझाएँ ।

अथवा

विद्यालय में बच्चों के मूल्यांकन की क्या प्रकृति हो, यह एक महत्त्वपूर्ण सवाल है जिसके प्रति कई राय हैं । एक मत का यह मानना है कि बच्चों को आठवीं कक्षा तक बिना किसी गतिरोध के उत्तीर्ण किया जाना चाहिए, वहीं दूसरे मत के अनुसार, प्रत्येक कक्षा में बच्चों की परीक्षा होनी चाहिए और केवल सफल विद्यार्थियों को ही अगली कक्षा में जाने दिया जाए । आप इन दोनों मतों का आलोचनात्मक विश्लेषण करें ।